06.02.2026 आकाशवाणी जयपुर–अजमेर 01:00 पी.एम.
प्रादेशिक समाचार

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने लोकप्रिय संवाद कार्यक्रम 'परीक्षा पे चर्चा' के 9वें संस्करण के दौरान विद्यार्थियों से बातचीत की। आज प्रसारित एक वीडियो में, प्रधानमंत्री ने परीक्षा के दौरान तनाव और चिंता से निपटने के तरीकों पर छात्र–छात्राओं को संबोधित किया। श्री मोदी ने कहा कि हर छात्र की अपनी एक अलग शैली होती है, और उन्हें अपनी तैयारी के तरीके पर पूरा विश्वास रखना चाहिए। श्री मोदी ने छात्रों से शिक्षकों, अभिभावकों और मार्गदर्शकों द्वारा दिए गए सुझावों को ध्यान से सुनने और उन्हें गहराई से समझने पर जोर दिया।

-------------

प्रधानमंत्री ने शिक्षकों को हर छात्र की सीखने की गति के प्रति संवेदनशील रहने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि शिक्षक विद्यार्थियों को बिना तनाव के आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते रहें।

परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का प्रदेश के सभी स्कूलों में सजीव प्रसारण किया गया। पाली के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय की छात्रा कुमकुम ने कार्यक्रम देखने के बाद अपने विचार साझा किये। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम से उन्हें परीक्षा के दौरान समय प्रबंधन करने की शिक्षा मिली।

-------------

राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े से आज राष्ट्रीय एकता यात्रा के तहत केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख के दिव्यांग विद्यार्थियों ने मुलाकात की। लोकभवन में हुई इस भेंट के दौरान राज्यपाल ने विद्यार्थियों से संवाद किया। उन्होंने लद्दाख से जुड़ी भारतीय संस्कृति के बारे में चर्चा की। उन्होंने विद्यार्थियों से एक भारत श्रेष्ठ भारत के लिए काम करने का आह्वान किया। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा और अतिरिक्त मुख्य सचिव कुलदीप रांका भी मौजूद रहे।

-------------

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आज एक दिवसीय यात्रा पर डीडवाना–कुचामन जिले के लाडनूं दौरे पर हैं। श्री शर्मा जैन विश्व भारती परिसर में आयोजित कार्यक्रम में भाग ले रहे हैं। इसके बाद मुख्यमंत्री ग्राम उत्थान शिविर का अवलोकन करेंगे। उनका एक जनसभा को संबोधित करने का भी कार्यक्रम है।

-------------

भारतीय रिज़र्व बैंक ने रेपो दर में कोई बदलाव नहीं किया है। इसे मौजूदा पांच दशमलव दो–पांच प्रतिशत पर बनाये रखने का निर्णय लिया गया है। चालू वित्त वर्ष के लिए छठी और अंतिम द्विमासिक मौद्रिक नीति की घोषणा करते आज हुए रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा कि मौद्रिक नीति समिति ने सर्वसम्मति से ये फैसला किया है। इसके परिणाम स्वरूप अन्य दरों में कोई परिवर्तन नहीं होगा। आर.बी.आई. ने दिसम्बर 2025 में रेपो दर में 25 आधार अंक की कमी की थी।

-------------

सुर साम्राज्ञी और भारत रत्न से सम्मानित लता मंगेशकर की पुण्यतिथि पर आज उन्हें श्रद्धाभाव के साथ याद किया जा रहा है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोशल मीडिया संदेश में उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि भारतीय संगीत जगत में उनके योगदान को कभी नहीं भुलाया जा सकता। उन्होंने लिखा कि उनकी मधुर आवाज़ युगों–युगों तक गूंजती रहेगी।

-------------

प्रदेश में मौसम का मिज़ाज बदलने लगा है। दिन के समय तेज धूप खिल रही है, जबकि सुबह और शाम को सर्दी का असर बना हुआ है। मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर ने आगामी दो सप्ताह तक मौसम शुष्क रहने की संभावना व्यक्त की है। इस दौरान दिन का अधिकतम तापमान सामान्य से ऊपर रहने का अनुमान है, जबकि न्यूनतम तापमान सामान्य के आस–पास बना रहेगा। राज्य के पश्चिमी जिलों में दिन का पारा 30 डिग्री सेल्सियस से ऊपर पहुंचने की संभावना है।

----------------

भरतपुर के स्थापना दिवस को भरतपुर महोत्सव के रूप में मनाया जाएगा। ये महोत्सव 13 से 19 फरवरी तक आयोजित किया जाएगा। इसके लिए जिला प्रशासन और पर्यटन विभाग की ओर से तैयारियां पूरी की जा रही हैं। महोत्सव के तहत 14 फरवरी को केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान में घना बर्ड फेस्टिवल आयोजित होगा। जिसमें फोटो प्रदर्शनी के अलावा पर्यटकों के लिए कई रोचक प्रतियोगिताएं होंगी। इसके साथ ही सात दिन तक रोजाना स्वच्छता अभियान के तहत विभिन्न स्थानों पर साफ–सफाई की जाएगी। वहीं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सिंगल यूज़ प्लास्टिक मुक्त जागरुकता अभियान चलाया जाएगा।

----------------